I.G.N.O.U. *Based*

**NEERAJ®**

# E.H.I.-3

## भारत : 8वीं सदी से 15वीं सदी ई. तक

**(India: From 8th to 15th Century)**

*By: V.B. Singh*, M.A. (History, Sociology, Political Science, English, Philosophy, LL.B., Ph.D.)

***Question Bank Cum Chapterwise Reference Book***
***Including* Many Solved Question Papers**

NP

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )

**Sales Office:**
**1507, Ist Floor, Nai Sarak, Delhi - 6**
**Ph.: 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501**
**E-mail: info@neerajignoubooks.com**
**Website: www.neerajignoubooks.com**

MRP ₹ 240/-

***Published by:***

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*Sales Office* : **1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi-110 006**
*E-mail*: **info@neerajignoubooks.com**
*Website*: **www.neerajignoubooks.com**

| | | |
|---|---|---|
| ***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only*** | *Typesetting by: **Competent Computers*** | *Printed at: **Novelty Printer*** |


***Notes:***

1. *For the best & upto-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board /University.*
3. *The information and data etc. given in this Book are from the best of the data arranged by the Author, but for the complete and upto-date information and data etc. see the Govt. of India Publications/textbooks recommended by the Board/University.*
4. *Publisher is not responsible for any omission or error though every care has been taken while preparing, printing, composing and proof reading of the Book. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading etc. are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. If any reader is not satisfied, then he is requested not to buy this book.*
5. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
6. *If anyone finds any mistake or error in this Book, he is requested to inform the Publisher, so that the same could be rectified and he would be provided the rectified Book free of cost.*
7. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
8. *Question Paper and their answers given in this Book provide you just the approximate pattern of the actual paper and is prepared based on the memory only. However, the actual Question Paper might somewhat vary in its contents, distribution of marks and their level of difficulty.*
9. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS/NEERAJ IGNOU BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" on Websites, Web Portals, Online Shopping Sites, like Amazon, Flipkart, Ebay, Snapdeal, etc. is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ IGNOU BOOKS/NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
10. *Subject to Delhi Jurisdiction only.*

**© Reserved with the Publishers only.**

***Spl. Note:*** *This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*

## *How to get Books by Post (V.P.P.)?*

*If you want to Buy NEERAJ IGNOU BOOKS by Post (V.P.P.), then please order your complete requirement at our Website **www.neerajignoubooks.com**. You may also avail the 'Special Discount Offers' prevailing at that Particular Time ( Time of Your Order).*
*To have a look at the Details of the Course, Name of the Books, Printed Price & the Cover Pages (Titles) of our NEERAJ IGNOU BOOKS You may Visit/Surf our website **www.neerajignoubooks.com.***
*No Need To Pay In Advance, the Books Shall be Sent to you Through V.P.P. Post Parcel. All The Payment including the Price of the Books & the Postal Charges etc. are to be Paid to the Postman or to your Post Office at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us by Charging some extra M.O. Charges.*
*We usually dispatch the books nearly within 4-5 days after we receive your order and it takes Nearly 5 days in the postal service to reach your Destination (In total it take atleast 10 days).*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )

***1507, 1st Floor, NAI SARAK, DELHI - 110006***

***Ph. 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501***

*E-mail:* **info@neerajignoubooks.com** *Website:* **www.neerajignoubooks.com**

# CONTENTS

# भारत : 8वीं सदी से 15वीं सदी ई. तक

## ( INDIA: FROM 8th to 15th CENTURY )

***Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)***


| | |
|---|---|
| *Question Paper—June, 2019 ( Solved )* | 1-2 |
| *Question Paper—December, 2018 ( Solved )* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2018 ( Solved )* | 1-2 |
| *Question Paper—December, 2017 ( Solved )* | 1 |
| *Question Paper—June, 2017 ( Solved )* | 1-3 |
| *Question Paper—December, 2016 ( Solved )* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2016 ( Solved )* | 1-2 |
| *Question Paper—December, 2015 ( Solved )* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2015 ( Solved )* | 1-3 |
| *Question Paper—December, 2014 ( Solved )* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2014 ( Solved )* | 1-3 |
| *Question Paper—December, 2013 ( Solved )* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2013 ( Solved )* | 1-4 |
| *Question Paper—December, 2012 ( Solved )* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2012 ( Solved )* | 1-4 |
| *Question Paper—June, 2011 ( Solved )* | 1-3 |
| *Sample Question Paper—1 ( Solved )* | 1-8 |
| *Sample Question Paper—2 ( Solved )* | 1-7 |


*S.No.* ***Chapterwise Reference Book*** *Page*

**प्रारम्भिक मध्यकालीन अर्थव्यवस्था : 8वीं-13वीं शताब्दी**

**( Early Medieval Economy : 8th–13th Century )**


**1.** कृषि अर्थव्यवस्था ( Agrarian Economy ) **1**

**2.** शहरी बस्तियाँ ( Urban Settlements ) **7**

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| 3. | वाणिज्य और व्यापार ( Commerce and Trade ) | 10 |
| 4. | व्यापारिक समुदाय और संगठन ( Trading Communities and Organisations ) | 16 |
| | **समाज और संस्कृति : 8वीं से 13वीं शताब्दी तक ( Society and Culture: 8th-1h Century )** | |
| 5. | सामाजिक संगठन ( Social Organisations ) | 19 |
| 6. | विचारधारा ( Ideology ) | 23 |
| 7. | क्षेत्रीय सांस्कृतिक परम्पराओं का विकास ( Development of Regional Cultural Traditions ) | 27 |
| | **अपनी क्षेत्रीय भिन्नताओं में भारतीय राजनीति : 8वीं-13वीं शताब्दी ( Indian Polity in its Regional Variations: 8th-13th Century )** | |
| 8. | क्षेत्रीय राजनीति की प्रकृति ( Nature of Regional Politics ) | 34 |
| 9. | उत्तरी और पूर्वी भारत ( Northern and Eastern India ) | 38 |
| 10. | पश्चिमी तथा मध्य भारत ( Western and Central India ) | 42 |
| 11. | दक्खन ( Deccan ) | 47 |
| 12. | दक्षिण भारत ( South India ) | 51 |
| 13. | मध्य एशिया में तुर्कों और मंगोलों का उदय ( Rise of Turks and Mongols in Cetnral Asia ) | 55 |
| 14. | दिल्ली सल्तनत की स्थापना ( Foundation of Delhi Sultanate ) | 59 |
| 15. | क्षेत्रीय प्रसार ( Territorial Expansion ) | 69 |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| | **भारतीय राजनीति : सल्तनत** **( Indian Polity: The Sultanate )** | |
| 16. | **सल्तनतकालीन प्रशासन** ( Administration During the Sultanate ) | 76 |
| 17. | **सल्तनत शासक वर्ग की संरचना** ( Formation of Sultanate Ruling Class ) | 81 |
| 18. | **समस्या, संकट और ह्रास** ( Problem, Crisis and Decline ) | 84 |
| | **दिल्ली की सल्तनत की अर्थव्यवस्था** **( Economy of Delhi Sultanate )** | |
| 19. | **राज्य और अर्थव्यवस्था** ( State and Economy ) | 87 |
| 20. | **कृषि व्यवस्था** ( Agrarian Structure ) | 91 |
| 21. | **नगरीय अर्थव्यवस्था का उदय तथा व्यापार और वाणिज्य** ( Rise of Urban Economy, Trade and Commerce ) | 93 |
| 22. | **तकनीकी और शिल्प** ( Technology and Crafts ) | 97 |
| | **क्षेत्रीय शक्तियां : 13वीं से 15वीं शताब्दी तक** **( The Regional Powers : 13th to 15th Century )** | |
| 23. | **मध्य तथा पूर्वी भारत** ( Middle and Eastern India ) | 100 |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| 24. | उत्तरी एवं पश्चिमी भारत<br>( Northern and Western India ) | 104 |
| 25. | उत्तर भारत में राज्य, प्रशासन और अर्थव्यवस्था<br>( State, Administration and Economy in North India ) | 108 |
| 26. | दक्खन और दक्षिण भारत में क्षेत्रीय शक्तियाँ<br>( Regional Powers in South India and Deccan ) | 112 |
| 27. | विजयनगर साम्राज्य<br>( Vijaynagar Empire ) | 115 |
| 28. | बहमनी राज्य<br>( Bahmani Kingdom ) | 119 |
| | **समाज व संस्कृति : 13वीं से 15वीं शताब्दी तक**<br>**( Society and Culture: 13th to 15th Century )** | |
| 29. | सामाजिक-धार्मिक आन्दोलन : भक्ति आन्दोलन<br>( Socio-Religious Movement: Bhakti Movement ) | 123 |
| 30. | सामाजिक-धार्मिक आन्दोलन–सूफी आन्दोलन<br>( Socio-Religious Movement—Sufi Movement ) | 129 |
| 31. | दिल्ली सल्तनत की कला एवं वास्तुकला<br>( Art and Architecture of Delhi Sultanate ) | 134 |
| 32. | क्षेत्रीय राज्यों में कला और वास्तुकला<br>( Art and Architecture in Regional States ) | 137 |
| 33. | भाषा और साहित्य<br>( Language and Literature ) | 141 |
| 34. | जीवन शैली और संस्कृति<br>( Life Style and Culture ) | 145 |

■■

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*(June – 2019)*

*(Solved)*

## भारत 8वीं सदी से 15वीं सदी ई. तक

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *खण्ड **I** में से कोई **दो** प्रश्न, खण्ड **II** में से कोई **चार** प्रश्न तथा खण्ड **III** में से कोई **दो** संक्षिप्त टिप्पणियाँ करने हैं।*

### खण्ड–I

**प्रश्न 1. प्रारंभिक मध्य काल में ब्रह्मदेय तथा अग्रहार के विशेष संदर्भ में विभिन्न प्रकार की कृषक बस्तियों की विशेषताओं तथा भूमिका का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-1, पृष्ठ-2, प्रश्न 3, सैम्पल प्रश्न पत्र-1, पृष्ठ-7, प्रश्न 13 '(1) अग्रहार'

**इसे भी देखें**–अग्रहार या अग्रहारम विशुद्ध रूप से ब्राह्मणों की ही बस्ती हुआ करती थी और इसका उल्लेख दूसरी सदी के संगम काल के साहित्य में भी पर्याप्त मिलता है। इन्हें चतुर्वेदिमंगलम भी कहा गया है। अग्रहार का तात्पर्य ही है फूलों की तरह माला में पिरोये हुए घरों की शृंखला, वे प्राचीन नगर नियोजन के उत्कृष्ट उदाहरण माने जा सकते हैं। इन ग्रामों (अग्रहारम) में रहने वालों की दिनचर्या पूरी तरह वहां के मंदिर के इर्द-गिर्द और उससे जुड़ी हुई होती थी, यहाँ तक कि उनकी अर्थव्यवस्था भी मंदिर के द्वारा प्रभावित हुआ करती थी। प्रातःकाल सूर्योदय के बहुत पहले ही दिनचर्या प्रारंभ हो जाती थी, जैसे महिलाओं और पुरुषों का तालाब या बावड़ी जाकर स्नान करना, घरों के सामने गोबर से लीपकर सादा रंगोली डालना, भगवान् के दर्शन के लिए मंदिर जाना और वहां से वापस आकर ही अपने दूसरे कार्यों में लगना।

प्रति माह मंदिर में कोई न कोई उत्सव होता जब मंदिर के उत्सव मूर्ति को रथ में लेकर घरों के सामने लाया जाता, जहाँ लोग नैवेद्य के लिए कुछ न कुछ पकवान चढ़ाते, माथा टेकते और प्रसाद ग्रहण करते। दुपहर को पूरे ग्राम वासियों के लिए मंदिर की ओर से भोज (भंडारा) की व्यवस्था रहती। मंदिर के पास इफरात जमीन हुआ करती थी, जिसकी आमदनी से उनका खर्चा चला करता था।

अग्रहारम के चारों तरफ दूसरी जाति के लोग भी बसते थे, जैसे–बढई, कुम्हार, बसोड, लोहार, सुनार, वैद्य, व्यापारी और खेतिहर मजदूर आदि। मंदिर को और वहां के ब्राह्मणों को भी उनकी सेवाओं की आवश्यकता जो रहती, ब्राह्मणों के स्वयं की कृषि भूमि भी हुआ करती थी या फिर वे पट्टे पर मंदिर से प्राप्त करते थे। मंदिर की संपत्ति (मालगुजारी) की देख रेख और अन्य क्रिया कलापों के लिए पर्याप्त कर्मी भी हुआ करते थे जिन्हें नकद या वस्तु (धान/चावल) रूप में वेतन दिया जाता था। मंदिर के प्रशासन के लिए एक न्यास भी हुआ करता था। कुल मिलाकर मंदिर को केंद्र में रखते हुए यह एक कृषि आधारित अर्थव्यवस्था थी।

मूलतः तमिलनाडु के कुम्बकोनम, तंजावूर तथा तिरुनेलवेली से भयभीत ब्राह्मणों का पलायन हुआ था। बड़ी संख्या में वे लोग पालक्काड़ में बसे और कुछ कोच्चि के राजा के शरणागत हुए, तिरुनेलवेली से पलायन करने वालों ने त्रावणकोर में शरण ली और बस गये। उन्हें राजकार्य, शिक्षण आदि के लिए उपयुक्त समझा गया और लगभग सभी को कृषि भूमि भी उपलब्ध हुई। केरल आकर उन्होने अपने अग्रहारम बना लिए और अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को संजोये रखा। उनके अग्रहारम में शिव मंदिर के अतिरिक्त विष्णु के लिए भी दूसरे छोर पर मंदिर बने। अधिकतर विष्णु की कृष्ण के रूप में पूजा होती है।

**प्रश्न 2. प्रारंभिक मध्य काल में भारत में नगरीय केन्द्रों के उदय के लिए उत्तरदायी कारण क्या थे? ग्रामीण केन्द्रों के शहरी केन्द्रों में परिवर्तन की प्रक्रिया की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-2, पृष्ठ-7, प्रश्न 3 और 4, पृष्ठ-8, प्रश्न 5, 6 और 7

**प्रश्न 3. विजयनगर साम्राज्य के सामाजिक-आर्थिक तथा राजनीतिक जीवन में धर्म तथा धार्मिक वर्गों ने क्या भूमिका अदा की?**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-27, पृष्ठ-115, प्रश्न 3, पृष्ठ-116, प्रश्न 4

**प्रश्न 4. सल्तनत काल में भारत में चिश्ती सिलसिले के विकास की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-30, पृष्ठ-130, प्रश्न 4, पृष्ठ-131, प्रश्न 5, प्रश्न 7, पृष्ठ-132, प्रश्न 8

www.neerajbooks.com



खण्ड–II

**प्रश्न 5. मध्य एशिया में चंगेज खां की शक्ति के उदय का संक्षिप्त विवरण दीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-13, पृष्ठ-57, प्रश्न 8 और 9

**प्रश्न 6. राजपूतों के विरुद्ध तुर्कों की सफलता के कारणों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-14, पृष्ठ-62, प्रश्न 4

**प्रश्न 7. दिल्ली सुल्तानों की दक्खन नीति की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-15, पृष्ठ-70, प्रश्न 2, अध्याय-26, पृष्ठ-112, प्रश्न 2

**प्रश्न 8. इक्ता शब्द को परिभाषित कीजिए। सल्तनत के सुदृढ़ीकरण में इसकी भूमिका की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-19, पृष्ठ-87, प्रश्न 2 और प्रश्न 4

**प्रश्न 9. दिल्ली सल्तनत के विघटन में कुलीन वर्ग की भूमिका का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-18, पृष्ठ-84, प्रश्न 3

**प्रश्न 10. सल्तनत काल में कृषि संबंधी कौन-से तकनीकी उपकरणों का सूत्रपात हुआ?**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-20, पृष्ठ-91, प्रश्न 2, पृष्ठ-22 प्रश्न 1 और 2

**प्रश्न 11. 13वीं से 15वीं शताब्दियों के मध्य प्रांतीय राज्यों में संगीत के विकास की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-32, पृष्ठ-140, प्रश्न 10, 11 और 12

**प्रश्न 12. क्षेत्रीय भाषाओं के विकास की सामाजिक पृष्ठभूमि का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-23, पृष्ठ-142, प्रश्न 3

खण्ड–III

**प्रश्न 13. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए–**

**(क) प्रारंभिक मध्यकाल में शूद्रों का कृषकों के रूप में उदय**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-5, पृष्ठ-20, प्रश्न 4

**(ख) तंत्रवाद**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-6, पृष्ठ-26, 'तंत्रवाद'

**(ग) खंडात्मक राज्य**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें सेम्पल प्रश्न पत्र-1, पृष्ठ-6, प्रश्न 8

**(घ) *तुर्कान-ए-चिहिलगानी***

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-17, पृष्ठ-81, प्रश्न 1 ■■

Neeraj Publications
www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

NEERAJ
PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



NEERAJ®

# E. H. I. – 3
# भारत : 8वीं से 15वीं शताब्दी तक
# ( INDIA : FROM 8th TO 15th CENTURY )

BLOCK - I

## प्रारम्भिक मध्यकालीन अर्थव्यवस्था : 8वीं-13वीं शताब्दी
## ( EARLY MEDIEVAL ECONOMY : 8th–13th CENTURY )

## कृषि अर्थव्यवस्था
## ( Agrarian Economy ) 1

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

**प्रश्न 1. भूमि अनुदान व्यवस्था के विकास का वर्णन कीजिए।**

**Give an account of the development of Land-Grant-in-aid system.**

**उत्तर**–कृषि-विस्तार ब्रह्मदेय और अग्रहार बस्तियों से प्रारम्भ हुआ। ये ब्राह्मणों को चौथी सदी के बाद से दिए गए भूमि अनुदान थे। कालान्तर में यह कृषि विस्तार सार्वभौमिक हो गया। इसमें एकरूपता आ गयी।

आठवीं और बारहवीं सदी कृषि विकास की प्रक्रिया की पराकाष्ठा का काल है। इसका कारण था धार्मिक और धर्मनिरपेक्ष लोगों जैसे ब्राह्मण, मंदिरों और राजा की सरकार के अधिकारियों को मिले भूमि अनुदानो, तथापि भौगोलिक और पारिस्थितिकीय कारकों ने इस विकास में अनेक महत्त्वपूर्ण क्षेत्रीय विविधताएं उत्पन्न कीं।

**कृषि विस्तार का कालानुक्रमिक प्रतिरूप**–खेती का विस्तार दो क्षेत्रों में हुआ–*(i)* खाली जमीन पर *(ii)* जंगलों को साफ करके।

कृषि का विस्तार एक निरन्तर प्रक्रिया थी। यह प्रारंभिक मध्ययुगीन कृषि अर्थव्यवस्था की एक मुख्य विशेषता थी।

**भूमि का अनुदान का स्वरूप**–कुछ विचारकों के अनुसार भूमि अनुदान पहले बाहर, पिछड़े और जनजातीय क्षेत्रों में हुआ और कालान्तर में गंगा की घाटी तक फैल गया जो कि ब्राह्मणवादी संस्कृति का केन्द्र थी। ब्राह्मणों की इस स्थिति का प्रमुख कारण यह था कि पिछड़े और आदिवासी क्षेत्रों में मौसम, खेत जोतने, सिंचाई और पशुओं की रक्षा के विशेष ज्ञान से कृषि प्रक्रिया पर नियंत्रण करने के साथ-साथ खेती के नए तरीके का प्रचार कर सकते थे।

भूमि अनुदान व्यवस्था का कालानुक्रमिक प्रतिरूप निम्न प्रकार हैं–

| | | |
|---|---|---|
| *(i)* चौथी-पाँचवीं सदी | : | मध्य भारत, उत्तर दक्खन और आंध्र के बड़े भाग में भारी विस्तार |
| *(ii)* पाँचवीं-सातवीं सदी | : | बंगाल और उड़ीसा (गुजरात और राजस्थान में) प्रारम्भ |
| *(iii)* सातवीं-आठवीं सदी | : | तमिलनाडु और कर्नाटक में प्रारम्भ |
| *(iv)* नौवीं सदी | : | केरल में प्रारम्भ |
| *(v)* बारहवीं सदी का अन्त | : | पंजाब के अतिरिक्त लगभग पूरे प्रायद्वीप में। |

**प्रश्न 2. ब्राह्मण को क्या दान दिया जाता था ? कौन-सा दान सबसे अच्छा माना जाता था ?**

**What was given to Brahmanas in alms ? Which sort of alms was considered to be the best of all ?**

**उत्तर**–ब्राह्मणवादी ग्रंथों में ब्राह्मणों को दान या उपहार देना पुण्य कमाने का और पाप को नष्ट करने का सर्वोत्तम तरीका बताया जाता है। संभवतया ब्राह्मणों को जीविका उपलब्ध कराने के लिए यह एक सुनिश्चित प्रयास था। गुप्त काल के बाद की सदियों की सभी स्मृतियों और पुराणों में ब्राह्मणों को खेती की जमीन अनुदान देने और ताँबे के स्मृतिपत्रों पर जमीन दान देने का प्रावधान है।

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



**वस्तुएँ**–दान में दी जाने वाली वस्तुएँ विभिन्न प्रकार की होती थीं–

*(i)* खाद्यान्न, अनाज, धान आदि

*(ii)* चल सम्पत्ति जैसे सोना, मुद्रा आदि

*(iii)* अचल सम्पत्ति जैसे कृषि भूमि, बाग और रहने योग्य भूमि।

ब्राह्मणों को दिए जाने वाले दानों में भूमि का दान सबसे उत्तम माना जाता था।

**इस प्रक्रिया के स्थायित्व के कारण**–दो कारण प्रमुख थे–(1) दान के दुरुपयोग की स्थिति में अभिशाप का भागी बनने का भय; (2) ब्राह्मणों को दी गई दान की जमीन को वापस लेने की प्रथा।

**भूमि अनुदान का विकास**–भूमि अनुदान के विकास के प्रमुख चरण निम्न प्रकार हैं–

*(i)* प्रारंभ में भूमि अनुदान मुख्यतः वैदिक पुजारियों (क्षेत्रीय अग्नि के पुजारी) को दिया जाता था।

*(ii)* पाँचवीं से तेरहवीं सदी के बीच मंदिर के पुजारियों को भी भूमि अनुदान दिया जाने लगा।

*(iii)* आठवीं सदी के बाद कृषि विस्तार और संगठन में मंदिर एक संस्थान के रूप में एक केन्द्रीय भूमिका अदा करने लगा। दक्षिण भारत में यह अनुदान 'देवदान' कहलाता था।

भू-सम्पत्ति प्राप्त करना ब्राह्मणवादी मंदिरों तक ही सीमित न होकर गैर-ब्राह्मणवादी धार्मिक संस्थान, जैसे बौद्ध या जैन विहार (समोहा और बसाढ़ी) तक व्याप्त था। अनेक प्रान्तों जैसे कर्नाटक, आंध्र, गुजरात और पूर्वी भारत (बिहार और उड़ीसा) में जमींदार बनने के लिए भारी प्रतिस्पर्धा होने लगी।

## बोध प्रश्न 1

**1. नीचे कॉलम ''ए'' में समय काल दिए गए हैं। निम्नलिखित क्षेत्र (मध्य भारत, बंगाल, उड़ीसा, उत्तरी दक्खन, आंध्र, तमिलनाडु, केरल, गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक) जहाँ भूमि अनुदान व्यवस्था शुरू हुई, के नाम कॉलम ''बी'' में इन क्षेत्रों में भूमि अनुदान व्यवस्था शुरू होने के समय काल के सामने लिखें–**

| ''ए'' | ''बी'' |
|---|---|
| *(i)* 4वीं–5वीं सदी | *(i)* ................................ |
| *(ii)* 5वीं–7वीं सदी | *(ii)* ................................ |
| *(iii)* 7वीं–8वीं सदी | *(iii)* ................................ |
| *(iv)* 9वीं सदी | *(v)* ................................ |

**2. ब्राह्मण को क्या दान दिया जाता था ? कौन-सा दान सबसे अच्छा माना जाता था ?**

(1) *(i)* मध्य भारत, उत्तरी दक्खन और आंध्र

*(ii)* बंगाल, उड़ीसा, गुजरात और राजस्थान

*(iii)* तमिलनाडु, कर्नाटक

*(iv)* केरल

***संकेत** : देखिये प्रश्न 2 का उत्तर ।*

---

**प्रश्न 3. ब्रह्मदेय ने कृषि विस्तार में किस प्रकार सहायता की ?**

**How did Brahmadeya help in the expansion of agriculture ?**

**उत्तर**–ब्राह्मणों को भूमि अनुदान में मिले खेत या पूरे गाँव को ब्रह्मदेय अनुदान कहते थे। इससे वे भू-स्वामी या भू-नियंत्रक हो जाते थे। उसका उद्देश्य इन खेतों को नई अर्थव्यवस्था में लाना था। इन ब्राह्मणों ने नई अर्थव्यवस्था लाने में निम्न साधनों का आश्रय लिया–(1) विभिन्न सामाजिक-आर्थिक वर्गों को नौकरी के द्वारा; (2) वर्ण-व्यवस्था के अन्तर्गत जातीय समूह के द्वारा, जैसे शूद्रों का कृषक वर्ग में लाने के लिए तत्कालीन ब्राह्मणवादी सामाजिक व्यवस्था में तार्किक रूप दिया।

**कारण**–ब्रह्मदेय अनुदानों ने कृषि के विस्तार में सहायता निम्न कारण से की–

*(i)* उन्हें अनेक करों और देयों से पूरी तरह या कम से कम प्रारंभिक अवस्था में छूट मिली हुई थी।

*(ii)* उन्हें विभिन्न प्रकार के विशेषाधिकार मिलते थे।

शासक परिवार संसाधन के आधार में विस्तार से आर्थिक लाभ पाते थे। ब्रह्मदेय अनुदान देने से उन्हें अपनी राजनीतिक सत्ता के लिए वैचारिक आधार प्राप्त होता था। ब्रह्मदेय आवश्यक रूप से बड़े सिंचाई के साधन जैसे तालाब या झील के निकट होते थे। प्रायः जब ब्रह्मदेय अनुदान दिये जाते थे, तो उस भूमि के निकट नए सिंचाई के साधनों का निर्माण किया जाता था। यह कार्य सूखे और अर्द्ध-सूखे क्षेत्रों में या उन क्षेत्रों में विशेषकर किया जाता था, जो वर्षा पर निर्भर थे। कभी-कभी दो या अधिक बस्तियों को साथ जोड़कर एक ब्रह्मदेय या एक अग्रहार बना दिया जाता था। उन गाँवों से कर वसूलने का अधिकार भूमिदान करने वाले ब्राह्मणों को प्राप्त हो जाया करता था। उन्हें दान में मिली जमीन पर कृषि करने का अधिकार भी मिल जाता था। गाँव के अन्दर भी सभी प्रकार की जमीन जैसे–नमी, सूखी और बाग आदि का विवरण भी दिया जाता था। अनेक मामलों में गाँव के राजस्व और आर्थिक संसाधनों के साथ-साथ मानव संसाधन जैसे–किसान, कारीगर और दूसरे लोगों को भी दान पाने वाले के नाम हस्तांतरित कर दिया जाता था। इस प्रकार ब्राह्मण इन बस्तियों में कृषि उत्पादन के प्रबन्धक हो गए और इसके लिए इन्होंने अपनी सभायें संगठित कर लीं।

**प्रश्न 4. गैर-धार्मिक अनुदान तथा देवदान से क्या अभिप्राय है ? स्पष्ट कीजिए।**

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



**What is understood by non-religious grant and Devdan ? Explan.**

**उत्तर**–गैर-धार्मिक अनुदान तथा देवदान की विवेचना निम्न प्रकार है–

**1. गैर-धार्मिक अनुदान**–सातवीं सदी के उपरान्त शासन की ओर से राजकीय अधिकारियों को भी भूमि दान के रूप में वेतन दिया जाने लगा। इससे एक दूसरे जमींदार वर्ग गैर-ब्राह्मण का उदय हुआ।

प्रशासनिक अधिकारियों को जमीन दान देने का मनु के समय में भी था। लेकिन इसका अधिक प्रचलन गुप्त काल के बाद हुआ। मध्य भारत, राजस्थान, गुजरात, बिहार और बंगाल के साहित्यिक ग्रंथों से यह ज्ञात होता है कि मंत्री, रिश्तेदार और रक्षा सेवाओं में संलग्न व्यक्तियों को दसवीं से बारहवीं सदी में कई तरह के अनुदान दिए गए।

*उल्लेख*—1. पाल भूमि चार्टर में उल्लेखित राजा, राजपुत्र, राणका और महासामंत लोग मुख्यतः जमीन से जुड़े हुए जागीरदार थे। 2. लगभग आधा दर्जन परमार अधिकारियों को जमीन अनुदान के रूप में मिली थी। 3. गुजरात के चालुक्यों के अधीन ऊँचे अधिकारियों और सामंतों को बहुत बड़े भू-क्षेत्र अनुदान के रूप में दिए गए। 4. असम, बंगाल और बिहार में इस प्रकार के अनुदान दिए गए। 5. इसके तीन गुने अनुदान उड़ीसा में दिये गये। 6. अधिकारियों को विशेषाधिकार मिले, जिसके अन्तर्गत वे विशेष वसूली प्राप्त कर सकते थे।

**2. देवदान**–ब्राह्मण और गैर-ब्राह्मण धार्मिक प्रतिष्ठानों को उपहार मिलते थे। ये स्थान कृषि बस्तियों के लिए केन्द्रबिन्दु का काम करते थे और संस्कृति संक्रमण के माध्यम से किसान बस्तियों और जनजातीय बस्तियों को एकीकृत करते थे। मंदिर की जमीन पट्टे पर पट्टेदारों को दी जाती थी जो उपज का एक बड़ा भाग मंदिर को देते थे। ऐसी जमीन ब्रह्मदेय या महाजनों की सभा द्वारा संचालित की जाती थी। गैर-ब्राह्मण बस्तियों में भी मंदिर मुख्य संस्थान बन गए थे। मंदिर की जमीनें गैर-ब्राह्मणों द्वारा बनाई गई मंदिर कार्यकारिणी समिति से संचालित होती थी। उदाहरणार्थ–तमिलनाडु के विलालाज और कर्नाटक व आंध्र के ओकालू, कम्पलू आदि।

**प्रश्न 5. भूमि अनुदान पाने वालों को किस प्रकार के अधिकार प्राप्त थे ?**

**What kinds of rights were enjoyed by those who were recipients of land-grants.**

**उत्तर**–अनुदान पाने वालों को अनेक प्रकार के अधिकार प्राप्त थे। इन अधिकारों से वित्तीय तथा प्रशासनिक दोनों प्रकार के अधिकार सम्मिलित थे। इनका वर्णन इस प्रकार है–

(1) भूमि कर जो राजा या सरकार को दिया जाता था, जमीन प्राप्त करने वालों को सौंप दिया गया।

(2) ऐसी परिहार या छूट जिनका संदर्भ ताम्रपत्र और शिला-लेखों में मिलता है तथा जो वास्तव में राजा को देय थी उसमें अदायगी पाने का अधिकार जमीन पाने वालों को हस्तांतरित कर दिया गया।

(3) जमीन पाने वाले को जमीन दे देने या हस्तांतरित करने का अधिकार था।

(4) उन्हें इन बस्तियों में दूसरे वंशानुगत लाभ भी मिलते थे। भूमि उपहार प्रायः जमीन खरीदने के बाद दिए जाते थे।

**प्रबन्ध**–मंदिर की जमीन की देखरेख ब्राह्मण और गैर-ब्राह्मण भूपति अभिजात्य वर्ग करते थे। स्थानीय इकाइयाँ जिसमें भूमिपति अभिजात्य वर्गों का वर्चस्व था, सिंचाई के साधनों को नियंत्रित करती थीं।

नए भूमिपति अभिजात्यों में परिवारों के प्रधान और स्थानीय किसानों के प्रमुख, जिन्हें देखरेख करने और स्वामित्व का अधिकार प्राप्त था, आते थे। यह वर्ग राजा और वास्तविक उत्पादक के बीच में उभरकर आ गया।

**प्रश्न 6. सिंचाई के मुख्य तरीकों का वर्णन करें।**

**Explain the methods of irrigation.**

**उत्तर**–प्रारंभिक मध्य युग सिंचाई के विभिन्न स्रोतों जैसे नहरों, झीलों, हौज तथा कूपों का विकास किया गया। इस सम्बन्ध में कुछ तथ्य निम्न प्रकार हैं–

प्रारंभिक मध्ययुगीन काल में सिंचाई के स्रोतों जैसे नहरों, झीलों, हौज (जैसे ततका, इरी) और कुंओं (अर्थात् कूप और किनारु) की वृद्धि हुई।

1. पश्चिमी राजस्थान में अरघट्टा कुएं और बंगाल में स्रोता (पानी की नहर), पुष्करणी (तालाब), नदी और दक्षिण कर्नाटक में केरेस या तालाब को गाँव की जमीन के हस्तांतरण के समय ध्यान में रखा जाता था।
2. आठवीं और तेरहवीं सदी के बीच सिंचाई के साधनों का निर्माण और रखरखाव किया जाता था। इनमें से कई झीलें और तालाब आधुनिक युग तक रहे।
3. ग्यारहवीं व तेरहवीं सदी गुजरात व राजस्थान में सीढ़ी वाले कुएं (वापीज) खेतों की सिंचाई के साथ-साथ पीने के पानी की भी आपूर्ति करते थे।

**उपाय**–सिंचाई के सम्बन्ध में कुछ उपाय निम्न प्रकार किये गये–

सिंचाई के साधनों के अन्तर्गत बाढ़ नियंत्रण के अधिक तकनीकी और वैज्ञानिक उपाय किये गये। नदियों पर बांध बनाने के साथ-साथ नहर, तालाब और झीलों के दोनों ओर नालिकाएं बनायी गयीं। नदी से नालिकाएं निकाल कर मिट्टी के बांध बनाकर बाढ़ को रोका जाता था जिससे पानी के स्रोतों का संचालन हो सके। गर्मियों में नदी सूख जाने पर झील और जलाशय का उपयोग अर्ध-शुष्क और वर्षा वाले क्षेत्रों और नदी तटों पर किया जाता था।

**प्रबन्ध**–तमिलनाडु में जलाशय का निर्माण शासक परिवारों द्वारा किया जाता था। उसकी देखरेख सभा (ब्राह्मण सभा) और उर (गैर-ब्राह्मण सभा) द्वारा किया जाता था। इसी प्रकार तालाबों और झीलों का रख-रखाव स्थानीय सभाओं की विशेष समितियां करती थीं।

www.neerajbooks.com

**प्रश्न 7. प्रारंभिक मध्ययुगीन काल के प्रमुख तकनीकी सुधारों का वर्णन कीजिये।**

**Give an account of the main technical reforms carried out during the early Medieval Age.**

**उत्तर**–प्रारंभिक मध्ययुग के भूमि सम्बन्धी तकनीकी सुधार निम्न प्रकार किये गये–

**1. हल**–अजमेर से मिले दसवीं सदी के अभिलेख में बड़े हल का उल्लेख मिलता है।

**2. निराई यंत्र**–हानिकारक घास आदि की निराई के लिए विशेष सयंत्रों का उल्लेख है।

**3. उपचार**–वृक्षार्थवेद में पौधों की बीमारियों को दूर करने का उल्लेख मिलता है।

**4. अरघट्टा व घाटियंत्र**–अभिलेख और साहित्यिक ग्रंथों में जल निकासी यंत्रों जैसे अरघट्टा और घाटियंत्र का उल्लेख है। अरघट्टा का उपयोग कुओं में नौवीं और दसवीं सदी में राजस्थान में किया जाता था। कश्यप की कृषिसूक्ति से ज्ञात होता है कि बैलों द्वारा चलाया गया घाटियंत्र सबसे अच्छा था मानवशक्ति द्वारा चलने वाला सबसे खराब था, जबकि हाथियों द्वारा चलाया गया मध्यम कोटि का था।

**5. मौसम सम्बन्धी सूचना**–गुरुसंहिता और कृषिनरेश्वर में मौसम संबंधी जानकारी, जिसका खेती में उपयोग होता था, मिलती है।

**6. अनाज के प्रकार**–कृषि संबंधी समसामयिक लेखों में 100 से ज्यादा अनाज जिसमें गेहूँ, जई और दाल भी हैं, का विवरण मिलता है। सुन्यापुराण के अनुसार बंगाल में 50 से भी ज्यादा किस्म के धान उपजाए जाते थे।

**7. उर्वरक**–उर्वरक के बारे में जानकारी उन्नत थी।

**8. नकदी फसल**–नगदी फसल जैसे सुपारी, पान, रुई, गन्ना का उल्लेख मिलता है। राजशेखर (प्रारंभिक दसवीं सदी) हमें उत्तर बंगाल के बढ़िया गन्ने के बारे में बताता है। नारियल और नारंगी के उत्पादन का विशेष महत्त्व था।

**9. मसाले**–मारको पोलो ने लिखा है कि चीन के किन्से शहर में हर दिन दस हजार पौण्ड काली मिर्च की खपत होती थी, जो भारत से वहाँ जाती थी। यूरोपीय बाजार में भारतीय अदरक की मांग थी।

**10. फसल चक्र**–वर्ष में तीन फसल उपजाने और फसल चक्र के बारे में जानकारी थी।

उपर्युक्त विवरण से यह स्पष्ट है कि विकसित कृषि तकनीक का प्रयोग देश के सभी भागों में किया जा रहा था, जिसके फलस्वरूप कृषि उत्पादन में भारी वृद्धि हो गयी थी।

**प्रश्न 8. प्रारंभिक मध्ययुगीन काल में ग्रामीण क्षेत्रों में तनाव के कारण बताइये।**

**Describe the causes of the tension in the rural areas during the Early Medieval Period.**

**उत्तर**–प्रारंभिक मध्ययुगीन काल में ग्रामीण पारिदृश्य समरूप नहीं था। किसान वर्ग श्रेणीबद्ध था। विभिन्न श्रेणी के अधिकारी जमीन से जुड़े थे जैसे–क्षेत्रिक, करसक, हलिन और अर्धिक। इस समय ग्रामीण क्षेत्र में उथल-पुथल थी।

यह तथ्य कि दान देने वाले प्रायः ऐसी जमीन की तलाश करते थे जहाँ पर खेती विवादास्पद हो, इस प्रकार की उथल-पुथल के संकेत देते हैं।

**अग्रहार**–अनुदानों के आस-पास पाई गई शिलाओं से भी कृषि बस्तियों में हो रही आन्तरिक उथल-पुथल प्रकट होती है। प्रारंभिक मध्ययुगीन काल में ब्राह्मण हत्या का विचार महत्त्वपूर्ण हो गया, यह तथ्य "ब्राह्मण-किसान संबंध तथा किसान, राज्य और समाज" जैसे विचारों की मान्यता पर शंका उत्पन्न करता है।

इस प्रकार के तनाव के दो प्रमुख कारण निम्न प्रकार थे–

1. ब्रह्मदेय का गैर-ब्रह्मदेय में परिवर्तन या गैर-ब्रह्मदेय का अग्रहारा में परिवर्तन ग्रामीण क्षेत्रों में तनाव का प्रमुख कारण था।
2. कश्मीर में दमार विद्रोह, बंगाल में रामफल के समय में कैवरताज का विद्रोह, तमिलनाडु में जमीन अतिक्रमण की स्थिति में आत्मदाह, पन्डया क्षेत्र में शूद्रों द्वारा दान की गई जमीन पर कब्जा यह प्रकट करते हैं कि बिचौलियों के प्रति शंका उत्पन्न हो रही थी।
3. दूसरों की भूमि पर अतिक्रमण भी हो रहा था।

**प्रश्न 9. प्रारंभिक मध्ययुगीन काल में वाणिज्य का क्या स्वरूप था ? क्या इसका भूमि स्वामित्व के प्रतिरूप पर कोई असर पड़ा ?**

**What was the nature of the Commerce during the Early Medieval Age ? Did it exercise any influence on the land entitlement ?**

**उत्तर**–1. दसवीं से बारहवीं शताब्दियों में दक्षिण भारत व्यापार के मध्यम से दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया के देशों, और चीन तथा अरब देशों के साथ जुड़ा।

2. **कर्नाटक**–कर्नाटक में नगरम् का उदय व्यापारिक आदान-प्रदान के केन्द्रों के रूप में हुआ, सभी नगरम् किसी कृषि प्रभाव क्षेत्र से सम्बद्ध थे। इन क्षेत्रों से नगरम् में रहने वाले लोगों के लिए खाद्यान्न की आपूर्ति होती थी। इन केन्द्रों में स्थापित बाजार पर नगरम् सभा का नियंत्रण होता था।

**3. राजस्थान और मध्य प्रदेश**–यहां पर व्यापार केन्द्रों और बाजारों का उदय हुआ।

*(i)* ग्रामीण बस्तियों के इर्द-गिर्द केन्द्रों में विनिमय कृषि उत्पादन के माध्यम से होता था।

*(ii)* राजस्थान में ये केन्द्र कई प्रकार के व्यापार के मिलन बिन्दु थे। ग्यारहवीं और बारहवीं शताब्दी में प्रसिद्ध व्यापारिक

Neeraj Publications www.neerajbooks.com